राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION,
BIHAR

1

पत्र संख्या–प0नि0 30–26/2018 1802

प्रेषक,

विशेष कार्य पदाधिकारी,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी–सह–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत),
अरवल।

पटना, दिनांक– 12.04.24

विषय :– अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के फलस्वरूप रिक्त पद पर निर्वाचन कराने हेतु प्रेषित प्रस्ताव में वांछित कागजात उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः– आपका पत्रांक 195 दिनांक 13.02.2024 एवं पत्रांक 202 दिनांक 15.02.2024

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के फलस्वरूप रिक्त पद पर निर्वाचन कराने हेतु आयोग को प्रतिवेदन/प्रस्ताव प्रेषित किये गये हैं। जिनके समीक्षोपरान्त प्रतिवेदन में निम्न कागजात उपलब्ध नहीं है, जिनके आभाव में रिक्त पद पर निर्वाचन की तिथि निर्धारित करने में कठिनाई हो रही है :–

1. **प्रखंड करपी ग्राम पंचायत कोचहासा के उप मुखिया** के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव बैठक संबंधी प्रतिवेदन में कागजात/साक्ष्य पूर्ण नहीं है।
2. **प्रखंड करपी ग्राम पंचायत अईयारा के उप मुखिया** के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव बैठक संबंधी प्रतिवेदन में अध्यपेक्षा संलग्न नहीं है।
3. **प्रखंड करपी ग्राम पंचायत बम्भई के उप मुखिया** के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव बैठक संबंधी प्रतिवेदन में प्रपत्र–3 एवं कार्यवाही पंजी में मतों की संख्या में अंतर है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में अनुरोध है कि उक्त वांछित कागजात पत्र प्राप्ति से दो दिनों के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित की जाय। ताकि संदर्भित रिक्त पद पर निर्वाचन कराने हेतु तिथि निर्धारित की जा सके।

विश्वासभाजन,
10/4/24
विशेष कार्य पदाधिकारी।

Sone Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 001, Phone 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax: 0612-2507847. E-mail: secbihar@gmail.com